शनिवार
08 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



डिलीवरी के बाद प्रसूता की तबीयत बिगड़ने पर की झाड़-फूंक, मौत 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


**सतर्कता ही बचावः** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ की समीक्षा बैठक

# डराने लगा कोरोना, 24 घंटे में 6050 केस

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री बोले- प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री अपने राज्यों में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर समीक्षा बैठक करें
- लोगों को कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर जागरूक किया जाए और लोग भी इसे लेकर ढिलाई न बरतें

**एजेंसी/नई दिल्ली**

देश में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। शुक्रवार को सामने आए आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 6050 कोरोना संक्रमितों की पहचान की गई है। यह बीते दिन मिले नए केसों से करीब 13 फीसदी ज्यादा है। देश में कोरोना के सक्रिय केस यानी उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 28,303 हो गई है। इससे पहले गुरुवार को देश में 195 दिन बाद कोरोना 5,335 नए मामले आए थे। पिछले साल 23 सितंबर को कोरोना के 5,383 दैनिक मामले सामने आए थे। देश में अब तक 4.47 कारोड़ लोग कोरोना की चपेट में आ चुके हैं।



कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने देश में कोविड-19 की स्थिति को लेकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की।

## 10 व 11 को पूरे देश में कोविड को लेकर होगी मॉक ड्रिल




इस दौरान कोविड टेस्टिंग एवं जीनोम सीक्वेंसिंग के साथ कोविड नियमों के पालन का प्रसार बढ़ाने पर बात हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने मांडविया ने कहा कि हमें सतर्क रहना है और अनावश्यक भय नहीं फैलाना है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य मंत्रियों से निवेदन किया कि वो अपने राज्यों में कोविड की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर समीक्षा बैठक करें। इस दौरान उन्होंने 10 व 11 अप्रैल को पूरे देश में कोविड को लेकर मॉक ड्रिल कराने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों को भी अस्पतालों का दौरा करने को कहा है।

बैठक के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य सरकारों से कहा कि वह कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए अपने स्तर पर तैयारियों को पुख्ता करें। उन्होंने कहा कि लोगों को कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर जागरूक किया जाए और लोग भी इसे लेकर ढिलाई न बरतें। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के 6 अप्रैल की कोरोना केसों की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 24 घंटों में देश में कोरोना के 5,335 मामले केस सामने आए हैं। ये आंकड़ा बीते 195 दिन में सबसे अधिक है। इससे पहले बीते साल 23 सितंबर को 5,383 केस सामने आए थे। इसी के साथ देश में एक्टिव केसों की संख्या 25,587 हो गई है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार से कोविड के टीकों का नया स्टॉक उपलब्ध कराने का किया अनुरोध

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को केंद्र से कोविड टीकों का नया स्टॉक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। पटना में आयोजित एक समारोह के बाद देश में कोरोना के मामले बढ़ने के बारे में पूछे जाने पर पत्रकारों से कहा, वर्ष 2020 में कोरोना के शुरू होने से लेकर आज तक की दैनिक रिपोर्ट मेरे पास है। पूरे तीन साल की रिपोर्ट मेरे पास है। कोरोना को लेकर प्रतिदिन मेरे पास रिपोर्ट आती है। अभी पूरे देश में कोरोना की जितनी जांच हो रही है उसकी एक तिहाई जांच बिहार में हो रही हैं। देश में प्रति 10 लाख की आबादी पर औसतन छह लाख जांच हो रही हैं जबकि बिहार में यह आठ लाख से ज्यादा है। कोरोना के मामले घटें या बढ़ें, बिहार में कोरोना की जांच निरंतर होती रहती है। उन्होंने कहा कि बिहार में कोविड-19 टीकाकरण भी कराया जा रहा है।



राज्य में कोविड-19 रोधी टीके खत्म हो गए हैं। इसको लेकर भारत सरकार से मांग की गई है। अभी पटना समेत चार-पांच जिलों में कोरोना के कुछ मामले सामने आए हैं। इसको लेकर बिहार में शुरू से लोग सतर्क हैं।

## ...तो मई तक रोजाना आ सकते हैं 20000 केस

कोरोना वायरस की नई रिपोर्ट डराने वाली है। कोरोना की पहली, दूसरी और तीसरी लहर के दिन लोग अभी भूले नहीं हैं कि वैसा ही खतरा एक बार फिर दिखने लगा है। आईआईटी कानपुर के साइंटिस्ट के मुताबिक, अगर इसी तरह केस बढते रहे तो मई तक रोजाना 20000 केस सामने आ सकते हैं। कोरोना के पिछले कुछ दिनों से केस बेहद तेजी से बढ़ रहे हैं। जारी आंकड़ो के अनुसार 6 अप्रैल को पूरे देश में मरने वालों की 14 संख्या थी। अप्रैल के शुरूआती तीन दिनों तक कोरोना के रोजाना तीन हजार मामले सामने आए, लेकिन पिछले दो दिनों में केस और ज्यादा बढ़ने लगे हैं। देशभर में 4 अप्रैल को 4000 से ज्यादा केस आए। भारत के बढ़ते कोविड ग्राफ में सबसे ज्यादा मामलों में केरल, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली है। 30 मार्च से 5 अप्रैल के बीच में भारत ने 26,361 नए मामले दर्ज किए जो पिछले सात दिनों (13,274) में रिपोर्ट की गई संख्या से दोगुना है।

# सीएम का निर्देश... पटना मेट्रो रेल के निर्माण में तेजी लाएं



**केटी न्यूज/पटना**

पटना मेट्रो रेल परियोजना अंतर्गत टनल खुदाई के कार्य का शुभारंभ शुक्रवार को सीएम नीतीश और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने किया। इस दौरान पटना मेट्रो रेल परियोजना के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को वृत्तचित्र के माध्यम से निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो रेल के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया, इस दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाएं और जल्द से जल्द इसे पूरा करें। पटना मेट्रो रेल का निर्माण कार्य पूर्ण होने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो ट्रेन कई जगहों पर जमीन के ऊपर एवं कहीं पर अंडरग्राउंड चलेगी। यहां पर मेट्रो स्टेशन भी जमीन के अंदर ही बनेगा। यह जब बनकर तैयार हो जायेगा तो काफी बढ़िया दिखेगा। पिछले साल हमलोग यहां आकर अंडरग्राउंड कार्य को शुरू करवाये थे। अब आगे का काम यहां शुरू हो गया है। हम चाहते हैं कि और तेजी से काम हो। दिल्ली में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के समय मेट्रो का काम शुरू हुआ था। उस समय भी हम वहां के काम को देखे थे। यहां पर मेट्रो का निर्माण वही लोग कर रहे हैं और निर्माण कार्य काफी अच्छे ढंग से हो रहा है।

### पटना मेट्रो निर्माण का सपना जल्द पूरा होगा

मुख्यमंत्री ने कहा की मेट्रो का निर्माण हो जाने से पटना के लोगों को काफी सहूलियत होगी। यहां पर तेजी से काम हो रहा है, उसे देखने के लिए हमलोग यहां आये हैं। इसके लिए फंड की कोई कमी नहीं होगी। फंड की व्यवस्था पहले से की हुई है। जायका से 60 प्रतिशत फंड आना है। इसको लेकर एग्रीमेंट हो गया है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार और जायका से फंड मिल रहा है। जमीन की व्यवस्था राज्य सरकार को करनी है, वह कर दिया गया है। मेट्रो निर्माण को लेकर कहां पर क्या काम होना है वह सब पहले से निर्धारित कर दिया गया है। मेट्रो निर्माण के काम में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं हो, इसको लेकर राज्य सरकार के अधिकारी भी सहयोग कर रहे हैं।

सीएम ने कहा पटना मेट्रो निर्माण का सपना जल्द पूरा होगा। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के समय देश में मेट्रो के निर्माण का काम शुरू हुआ था। उसी के आधार पर केंद्र सरकार ने यहां पर मेट्रो निर्माण को लेकर एप्रूवल दिया था और यहां पर काम हो रहा है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार और जायका के सहयोग से यहां पर मेट्रो का निर्माण हो रहा है।

## जाति सर्वे को चुनौती देने वाली याचिका पर 18 को होगी सुनवाई




**पटना।** राज्य सरकार द्वारा राज्य में जातियों एवं आर्थिक सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली याचिका पर पटना हाईकोर्ट में 18 अप्रैल,2023 को सुनवाई की जाएगी।अखिलेश कुमार की याचिका पर चीफ जस्टिस के वी चन्द्रन की खंडपीठ सुनवाई करेगी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता दीनू कुमार ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार जातियों और आर्थिक सर्वेक्षण करा रही है। उन्होंने कहा कि ये सर्वेक्षण कराने का अधिकार राज्य सरकार को नही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार जातियों व आर्थिक सर्वेक्षण करा रही है। अधिवक्ता दीनू कुमार ने बताया कि ये राज्य सरकार के क्षेत्रधिकार में नहीं आता है। उन्होंने कहा कि प्रावधानों के तहत इस तरह का सर्वेक्षण केंद्र सरकार करा सकती है। ये केंद्र सरकार की शक्ति के अंतर्गत आता है।

# कौशांबी में बोले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज लोकतंत्र नहीं, परिवारवाद खतरे में है

**एजेंसी/कौशांबी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कौशाम्बी पहुंचे जहां उन्होंने कौशाम्बी महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान अमित शाह ने इस बार फिर एक बार, 300 सीटों से पार का नारा दिया। उन्होंने दावा किया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2024 में फिर से सरकार बनने जा रही है। अमित शाह ने कहा कि जितनी-जितनी बार सोनिया गांधी, राहुल गांधी या किसी और ने पीएम मोदी को गाली दी है तो जनता ने इन गालियों के कीचड़ में कमल को और मजबूत करके खिलाया है। यह कहते हैं कि लोकतंत्र खतरे में है। लोकतंत्र खतरे में नहीं बल्कि आपका परिवार खतरे में हैं। आपने इस लोकतंत्र को जातिवाद, परिवारद और तुष्टिकरण के तीन नाखूनों में घेर कर रखा था। शाह ने यूपी की जनता से अपील करते हुए कहा कि जैसे 2014 में सपा-बसपा और कांग्रेस को दरकिनार कर कमल खिलाया था ऐसे ही 2024 में करना है।



### आह्वान... मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना है

वर्ष 2024 में नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। आजमगढ़ समेत यूपी की सभी लोकसभा सीटों पर कमल खिलाना है। ये आह्वान गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को आजमगढ़ में किया। इसके साथ ही उन्होंने आजमगढ़ से पूर्वांचल में चुनावी बिगुल फूंक दिया। नामदारपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने जमकर विपक्ष पर निशाना साधा। कहा कि मैं पहले भी कई बार आजमगढ़ आ चुका हूं। पहले यहां पर रात में बिजली नहीं रहती थी। लेकिन जब से भाजपा सरकार आई है। लोगों को 24 घंटे बिजली मिल रही है। यूपी का एक भी गांव नहीं जहां बिजली न पहुंची हो। अमित शाह ने आजमगढ़ के बारे में बोलते हुए कहा कि कभी संगीत के लिए मशहूर इस शहर को सपा-बसपा ने बदनाम करने का काम किया है। यूपी में बीजेपी की सरकार से संगीत महाविद्यालय की शुरूआत करके वापस उस गौरव को दिलाने का काम किया है। गृहमंत्री ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देना चाहता हूं। जिस आजमगढ़ को पूरे देश में आतंक के केंद्र के रूप में जाना जाता था। आज हरिहर घराने को सम्मान देने के काम किया गया है।

## आकांक्षा दुबे सुसाइड केस में आरोपी सिंगर समर सिंह गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे सुसाइड केस में आरोपी सिंगर समर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। वाराणसी पुलिस ने गाजियाबाद के नंदग्राम क्षेत्र से 12वें दिन पकड़ा है। आकांक्षा की मां ने समर सिंह पर बेटी के साथ रिलेशनशिप में धोखा देने का आरोप लगाया था। आकांक्षा ने 26 मार्च को होटल में सुसाइड कर लिया था। आरोपी सिंगर समर सिंह और उसके भाई संजय सिंह के खिलाफ ठइह जारी हुआ था। उसके खिलाफ कुर्की की तैयारी चल रही थी। इससे पहले लुकआउट नोटिस भी जारी हुआ था। पुलिस को आशंका थी कि दोनों विदेश भाग सकते हैं। हालांकि अभी संजय तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है। वह फरार है।

गिरफ्तारी के बाद वाराणसी पुलिस ने समर सिंह को गाजियाबाद की सीजेएम कोर्ट में पेश किया। इसी के साथ वाराणसी पुलिस ने हाथोंहाथ ट्रांजिट रिमांड की अर्जी दाखिल कर दी। कोर्ट ने ट्रांजिट रिमांड को मंजूरी दे दी है। वाराणसी पुलिस अब समर सिंह को 24 घंटे की ट्रांजिट रिमांड पर लेकर वाराणसी के लिए निकली है।

## राजद सुप्रीमो लालू यादव फिर जाएंगे सिंगापुर

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू यादव एक बार फिर सिंगापुर जाएंगे। दरअसल, किडनी ट्रांसप्लांट के बाद डॉक्टर ने समय-समय पर जांच कराने की सलाह दी है। इसी सिलसिले में वह सिंगापुर जाएंगे।




**अयोध्या में श्रीराम मंदिर का जलाभिषेकः** 23 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में रक्षा मंत्री के साथ शामिल होंगे योग गुरु

# श्रीराम मंदिर में अर्पित किया जाएगा 155 देशों की नदियों का जल

**एजेंसी/अयोध्या**

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण का इंतजार अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 से पहले पूरा हो जाएगा। इस बीच खबर है कि राम मंदिर में पाकिस्तान, चीन, ईरान, अरब देशों, अमेरिका समेत 155 देशों की नदियों से जल लाकर अर्पित किया जाएगा। 23 अप्रैल को होने वाले इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ योग गुरू रामदेव भी शामिल होंगे।

इस बारे में जानकारी देते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब राम मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी थी, उस दौरान देश भर के करीब 1000 स्थानों से जल और रज लाकर अर्पित किया गया था। इसी को देखते हुए बीजेपी नेता डॉक्टर विजय जौली ने दुनिया के देशों की पवित्र नदियों से जल लाने का विचार रखा था।



विजय जौली ने बताया कि उन्होंने अगस्त, 2020 में ही दुनिया भर की नदियों और समुद्रों का जल इकट्ठा कर उससे राम मंदिर के जलाभिषेक का मन बना लिया था। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान विश्व के 155 देशों का जल इकट्ठा कर भारत लाया गया। जलाभिषेक के लिए 155 देशों से जल इकट्ठा करने की इस पूरी प्रक्रिया की एक वीडियो फिल्म भी बनाई गई है, जिसे 23 अप्रैल को सबके सामने लाया जाएगा।

**तांबे के लोटे में लाया गया है जलः** हर देश से जल को लाकर तांबे के लोटे में हरिद्वार की पैड़ी पर जाकर सील करवाया गया है। हर लोटे पर देश के नाम के साथ उसके झंडे का स्टीकर भी लगा है।

**पाकिस्तान की रावी नदी से ऐसे मंगाया जलः** बीजेपी नेता विजय जौली ने बताया कि राम मंदिर के जलाभिषेक के लिए पाकिस्तान की रावी नदी से भी जल मंगाया गया है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के कुछ हिंदू मित्रों से इसे लेकर बात की गई थी, लेकिन उन्होंने उत्पीड़न की बात कहते हुए असमर्थता जता दी। हालांकि, कुछ लोगों ने पाकिस्तान की रावी नदी के जल को पैक करके दुबई भेजा। इसके बाद हमारे लोग उस जल को दुबई से भारत लेकर आए। तजाकिस्तान से मुस्लिम सहयोगी ताज मोहम्मद, कनाडा के सिख भाइयों ने तिब्बत के बुद्धिस्ट मूल के सहयोगियों ने भी जल भेजने में हमारी मदद की।

# बच्चों को हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए विशेष ध्यान देने की जरूरत: सीएस

- बच्चों को स्कूल जाने से पूर्व कराएं उचित आहार का सेवन, मौसमी फल भी जरूरी
- गर्मी व धूप के कारण समस्या होने पर चिकित्सकों से करें संपर्क
- सरकारी अस्पतालों और एचडब्ल्यूसी पर ओआरएस के पैकेट उपलब्ध

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में बढ़ती गर्मी के कारण अभी से ही लोगों को हीट स्ट्रोक सताने लगा है। दोपहर होते ही सड़कें सुनसान होने लगी हैं। मौसम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 37 डिग्री रहा। लेकिन, गर्म पछुआ हवाओं के कारण तापमान 39 डिग्री सा महसूस हुआ। तापमान में बढ़ोतरी होने से लू लगने की संभावना अधिक हो जायेगी। खासतौर पर स्कूल जाने वाले बच्चे लू की चपेट में सबसे ज्यादा आते हैं। हीट स्ट्रोक के कारण बच्चे डिहाइड्रेशन के भी शिकार हो सकते हैं। ऐसे में बच्चों को गर्मी से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी परेशानी से बचाने और उन्हें इस भीषण गर्मी में ठंडा रखने के लिए कुछ सुपाच्य और हल्के आहार देना जरूरी है। जिसका इस्तेमाल कर बच्चों को हीट स्ट्रोक के खतरे से सुरक्षित रखा जा सकता है। वहीं, अभिभावकों को कुछ एहतियात भी बरतना जरूरी है।



**स्वास्थ्य संस्थानों पर ओआरएस के पैकेट उपलब्ध :** सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया, स्कूल जाने से पहले बच्चे को जूस, नींबू पानी, ग्लूकोज जैसे तरल पदार्थ जरूर दें। स्कूल से आने के बाद थोड़ी देर रुक कर सबसे पहले दोबारा ग्लूकोज, नींबू पानी या जूस दें। स्कूल बैग में बच्चे के लिए पानी का बॉटल हो इस बात का ध्यान रखें। वहीं, स्कूल में समय समय पर पानी पीते रहने के लिये प्रेरित करें। स्कूल से छुट्टी होने के बाद के लिए बच्चों को टोपी और आंखों पर धूप का चश्मा उपलब्ध करायें। यदि यह महसूस हो कि गर्मी के कारण बच्चे की तबीयत खराब हो रही है, तो तुरंत आम पन्ना या ओआरएस बना कर पिलाएं। साथ ही, उल्टी, दस्त या बुखार की शिकायत हो तो डॉक्टर से संपर्क करना न भूलें। सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ उठायें। उन्होंने बताया कि सभी प्रखंडों के एमओआईसी को हीट स्ट्रोक से बचाव को उचित प्रबंध करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर पर्याप्त मात्रा में ओआरएस के पैकेट उपलब्ध कराए गए हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी ओआरएस के पैकेट उपलब्ध है।

**आहार परिवर्तन करना हितकर :** सिविल सर्जन ने कहा, मौसम के हिसाब से आहार परिवर्तन करना हितकर होता है। नींबू पानी ,ताजा नींबू के रस, पानी, चीनी और नमक से तैयार किया जाता है। नींबू कई आवश्यक विटामिन और खनिजों जैसे विटामिन सी, विटामिन बी 6 और पोटैशियम से भरपूर होते हैं। शिकंजी भारत का प्रसिद्ध पारंपरिक नींबू पेय है। आम में 80 प्रतिशत से अधिक पानी की मात्रा होती और गर्मियों के दौरान यह एक आइडियल फूड ऑप्शन है। वहीं, छाछ के पानी और नमक से बनाया जाता है। छाछ पाचन में सुधार करने में भी मदद करती है। तरबूज में 90 प्रतिशत से अधिक पानी होने के कारण गर्मियों में हाइड्रेटेड रहने में मदद करता है। तरबूज साइट्रलाइन नामक अमीनो एसिड से भी भरपूर होता है। यह एक आवश्यक अमीनो एसिड है, जो हमारे दिल और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए फायदेमंद होता है। इसके अलावा सत्तू खाने या पीने से लू लगने का खतरा काफी कम हो जाता है। लेकिन, सबसे जरूरी बात यह है कि बच्चों को गर्म हवा या दोपहर में घर के बाहर न जाने दें।

## परिजनों ने चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही बरते जाने का लगाया आरोप

# डिलीवरी के बाद प्रसूता की तबीयत बिगड़ने पर क्लीनिक में शुरू कर दी झाड़-फूंक, मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बिहिया की एक निजी क्लिनिक में प्रसव के बाद एक महिला की मौत हो गयी। ऑपरेशन के जरिए प्रसव कराने के बाद महिला की हालत बिगड़ गयी, तो क्लीनिक में ही झाड़-फूंक शुरू कर दी गयी। उसके चक्कर में प्रसुता की जान चली गयी। घटना गुरुवार की रात की है। जिसके बाद चिकित्सक ने प्रसुता की स्थिति गंभीर बताते हुए उसको रेफर कर दिया गया। उसे लेकर क्लीनिक में देर तक अफरा-तफरी मची रही। मृतका जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हरदिया गांव निवासी रंजीत राम की 21 वर्षीया पत्नी हेवंती देवी थी। उसकी सास कलावती देवी ने बताया कि वह अपनी बहू हेवंती देवी को बुधवार की सुबह बिहिया थाना क्षेत्र के भड़सरा गांव उसके मायके लेकर गई थी। वहां करीब 12 बजे दिन में उसे काफी तेज लेबर पेन होने लगा। उसके बाद उसे बिहिया स्थित एक निजी क्लीनिक ले जाया गया। वहां डाक्टर की ओर से ऑपरेशन की सलाह दी गयी। उसके बाद डाक्टर द्वारा उसका ऑपरेशन किया गया और उसे बेटा पैदा हुआ।



- बुधवार को ऑपरेशन के जरिए प्रसुता का कराया गया था डिलीवरी

**चिकित्सक ने कहा- किसी ने आत्मा ने पकड़ लिया है :** बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह डाक्टर द्वारा उसे खून चढ़ाया जा रहा था। तभी उसकी तबीयत काफी बिगड़ गई। उसे देख उनलोगों द्वारा इलाज के लिए बाहर ले जाने की बात कही गयी। तब उक्त चिकित्सक ने कहा कि कुछ नहीं हुआ है?। वे लोग बेकार चिंता कर रहे हैं। कुछ देर में सब ठीक हो जाएगी। उसके बाद चिकित्सक द्वारा कहा गया कि उसे आपके घर की किसी आत्मा ने पकड़ लिया है। उसके बाद उसके निर्देश पर क्लीनिक में ही झाड़-फूंक शुरू कर दी गयी। उससे तबियत काफी बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। उसके बावजूद डाक्टर द्वारा उसकी हालत को चिंताजनक बताते हुये एंबुलेंस कर उसे आरा सदर अस्पताल भेज दिया गया। सदर अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को घर ले गए परिजन



प्रसुता की मौत की खबर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। उसके बाद परिजन अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमार्टम कराये ही वापस गांव ले गए। वहीं कलावती देवी की ओर से निजी क्लीनिक के डाक्टर पर इलाज के दौरान लापरवाही बरतने के कारण बहू की मौत होने का आरोप लगाया है। हालांकि उसकी मौत किस कारण हुई यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जा रहा दे कि हेवंती की शादी मई 2021 में हुई थी। उसका पति अहमदाबाद में रहकर प्राइवेट काम करता है। पत्नी की डिलीवरी को लेकर वह 26 फरवरी को गांव आया था।

## पैसे मांगने पर खाना बनाने वाले पर फेंक दिया गर्म तेल

**आरा।** बड़हरा थाना क्षेत्र के अलेखी टोला गांव में गुरुवार की देर रात बकाये पैसे के विवाद में खाना बनाने वाले अपने ही सहयोगी पर खौलता डालडा फेंक दिया गया। उसमें वह बुरी तरह झुलस गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। झुलसा बावर्ची बड़हरा थाना क्षेत्र के सबलपुर गांव निवासी खटाई राय का 40 वर्षीय पुत्र बबन राय है। वह शादी-विवाह और अन्य पार्टियों में खाना बनाने का काम करता है। उसकी पत्नी सोनी देवी ने बताया कि उसके पति गांव के हरेराम हलवाई के साथ शादी-विवाह आदि में खाना बनाते थे। हरेराम के पास उसके पति का पिछले एक साल तीस हजार रुपया बकाया है। गुरुवार को हरेराम हलवाई के पोते का जन्मदिन था। उसमें खाना बनाने के लिए हरेराम ने उसके पति को बुलाया था, पर वह नहीं गए। उसके बाद हरेराम उनके घर आया और उसके पति को जबरन अपने साथ ले गया। गुरुवार की देर रात उसके पति ने बकाया 30 हजार रुपये की मांग की, तो उनके बीच कहासुनी हो गयी। उसके बाद हरेराम ने पहले उसके पति को गर्म छनौटे से मारा। उसके बाद उनके शरीर पर गर्म डालडा फेंक दिया। उससे वह बुरी तरह झुलस गए। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए बड़हरा के मनीछपरा सीएचसी ले जाया गया।

## गेहूं का बोझा लेने खेत जा रहे किशोर की सड़क हादसे में मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के केशोपुर बांध के पास शुक्रवार की सुबह सड़क हादसे में इंटर के छात्र में मौत हो गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत छात्र बड़हरा गांव निवासी पुकार राय का 18 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार उर्फ अनीश था।



पुकार राय ने बताया कि केशोपुर गांव स्थित खेत में उनकी गेहूं की कटनी चल रही था। गेहूं का बोझा लाने के लिए उनका पुत्र आशीष शुक्रवार की सुबह पैदल ही खेत की ओर रहा था। उसी दौरान केशोपुर स्थित बांध के समीप किसी अज्ञात वाहन द्वारा उसे रौंद दिया गया। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने पर वे लोग मौके पर पहुंचे और उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों की ओर से उसे मृत घोषित कर दिया गया। जिसके बाद पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि छात्र अपने चार भाइयों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां अनीता देवी, भाई टुनटुन कुमार, अभिजीत कुमार और राहुल कुमार है। घटना के बाद छात्र के घर में कोहराम मच गया है। मां अनीता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जमीन विवाद में मारपीट, सात जख्मी

**आरा।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के जवाहर टोला मोहल्ले में जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। उसमें दोनों पक्षों के सात लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में एक पक्ष के जवाहर टोला निवासी जोगिंदर राम के पुत्र कार्तिक राम, सुनील राम, ईश्वर राम और उनकी बहू सरस्वती देवी शामिल है। वहीं दूसरे पक्ष के उसी मोहल्ले के फूलन मियां, उनकी पत्नी असगरी खातून और पुत्र मो.आसिफ शामिल है। एक पक्ष के जख्मी फूलन मियां के पुत्र शमी ने बताया कि पड़ोस के लोग उनकी जमीन पर घर बनवा रहे थे।उन्होंने कहा कि पहले मापी करवा लीजिये। उसके बाद काम लगाएगा, लेकिन वे लोग नहीं माने। उसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। उसके बाद उन लोगों द्वारा उसके पिता, मां और भाई की जमकर पिटाई कर दी गई।

## भोजपुर में अपने ही ट्रक की चपेट में आने से उत्तर प्रदेश के खलासी की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा गांव के समीप शुक्रवार की सुबह अपने ही ट्रक से कुचल कर आने से यूपी निवासी एक खलासी की मौत हो गयी। अनियंत्रित हो चुके ट्रक से कूद कर भागने के बावजूद वह उसकी चपेट में आ गया। मृतक यूपी के कुशीनगर के नेमुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के बरवापुरडील गांव निवासी नूर मोहम्मद का 18 वर्षीय पुत्र मजारुउद्दीन था।

सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। उसी जिले के रहने वाले ट्रक चालक जवाहर यादव ने बताया कि मजारूद्दीन उसके ट्रक पर खलासी

- अनियंत्रित ट्रक से बचने के लिए कूदा, तभी चढ़ा ट्रक का चक्का



काम करता था। शुक्रवार की सुबह दोनों कुशीनगर से बालू लेने आये थे। उस क्रम में चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा गांव के पास ट्रक से उतर वह घाट पर बालू देखने गया था। उसी दौरान मजारूद्दीन ट्रक चलाने लगा। तभी ट्रक अनियंत्रित हो गया। उसे देख मजारूद्दीन ट्रक से नीचे कूद पड़ा। तभी ट्रक का चक्का उस पर चढ गया। उससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उसके बाद ट्रक भी अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया। उसके बाद उसने स्थानीय थाना को सूचना दी। बताया जा रहा है कि मजारूद्दीन अपने चार भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में मां सैरा खातून, भाई कमालुद्दीन, जब्बारूद्दीन और सहारुद्दीन हैं। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। मां सैरा खातून सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत बनें निक्षय मित्र, टीबी रोगियों के आर्थिक मदद की घोषणा की

# संकल्प: टीबी मुक्त जिला बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने किया आगाज

- निक्षय मित्र बन टनकुप्पा प्रखंड प्रमुख और भटौरा मुखिया ने टीबी मरीजों को लिया गोद

**केटी न्यूज/गया**

जिला को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार के मंत्रियों और पंचायती राज प्रतिनिधियों की भी मदद मिल रही है। निक्षय मित्र योजना के तहत समाजसेवी सहित अब राज्य स्तरीय मंत्री तथा जनप्रतिनिधि भी टीबी मरीजों की आर्थिक मदद के लिए सामने आ रहे हैं। टीबी मरीजों के बेहतर पोषण को ध्यान में रखते हुए उन्हें पोषक आहार यानि फुड बास्केट दिये जा रहे हैं। टीबी मुक्त जिला बनाने और टीबी मरीजों की मदद के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक मुहिम का आगाज किया है।



**टीबी के इलाजरत को दिये गये फुड बास्केट:** विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर शुक्रवार को टनकुप्पा प्रखंड के भटौरा पंचायत में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान टीबी के इलाजरत मरीजों को गोद लेते हुए पोषक आहार वाले फुड बास्केट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर उनके साथ सीडीओ पंकज सिंह, बीडीाओ इंदिरानी कुमारी, डीपीसी सीमा कुमारी, वरीय यक्ष्मा पर्यवेक्षक दिनेश गौड़, पीरामल स्वास्थ्य से प्रोग्राम लीड नीरज कुमार तथा प्रोग्राम मैनेजर रविरंजन कुमार, सहित गांधी फेलो ब्यूटी कुमारी और मारथू गाविट भी मौजूद रहे।

**राज्य कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत बनें निक्षय मित्र:** कार्यक्रम के दौरान कृषि मंत्री की मौजूदगी में टनकुप्पा प्रखंड प्रमुख चिंकू कुमारी तथा भटौरा पंचायत की मुखिया अनीता देवी द्वारा फुड बास्केट का वितरण किया। निक्षय मित्र के रूप में प्रखंड प्रमुख तथा मुखिया द्वारा पांच-पांच की संख्या में टीबी के इलाजरत मरीजों को गोद लिया गया ?है। इन टीबी मरीजों में गुलाबचंद मांझी, छोटू मांझी, धर्मेंद्र मांझी, गुडडू मांझी व अन्य शामिल हैं। इनमें 500 रुपये की लागत का फुड बास्केट दिये गये। प्रतिमा देवी परवलडीह बबिता कुमारी बहसापिपरा आदि मरीज इस मौके पर कृषि मंत्री ने स्वयं भी निक्षय मित्र बन अपने कोष से टीबी मरीजों की आर्थिक सहायता के लिए एक लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की। यह राशि टनकुप्पा तथा बोधगया प्रखंड के टीबी मरीजों को पोषण राशि के रूप में वितरित की जायेगी। उन्होंने अन्य जनप्रतिनिधियों से आग्रह करते हुए कहा कि टीबी उन्मूलन की दिशा में अपना सहयोग जरूर प्रदान करें। मौके पर कृषि मंत्री द्वारा ठोस एवं तरल कचड़ा प्रबंधन इकाई का उद्धघाटन एवं हाई स्कूल के बाउन्ड्री का किया गया शिलान्यास भी किया गया।

## एक नजर


### इंजेक्शन लगते ही 22 महिलाओं की बिगड़ी तबियत, परिजनों ने किया हंगामा



**जहानाबाद।** सदर अस्पताल में उस समय अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया जब इंजेक्शन लगते ही 22 महिला मरीजों की हालत बिगड़ने लगी जिसके बाद परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया। वही हंगामा शुरू होते ही अस्पताल के डाक्टर व नर्स अस्पताल के खिड़की से फरार हो गये। मामला सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष का है, परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते कहा कि डिलीवरी के लिए महिला को अस्पताल में भर्ती कराया है जहां गुरुवार की रात सेफ्ट्रियक्सोन इंजेक्शन लगाने से एक नहीं दो नही बल्कि बाइस महिला मरीजों की हालत बिगड़ गयी। अस्पताल प्रबंधक को फोन करने के बावजूद कोई सुनने वाला नही है। हद तो तब हो गया की आज फिर वही इंजेक्शन दुबारा मरीजों को दिया जा रहा है जिसके बाद एक बार फिर मरीजों की हालत बिगड़ने लगी है। मरीज के परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि सरकारी अस्पताल सिर्फ नाम के है यहां हर काम करवाने के लिए पैसे मांगे जाते है। अगर मरीज को सलाइन चढ़ाना हो तो उसमें पैसे, मरीज को इधर से उधर ले जाने हो तो उसमें पैसे, उपस्थित डॉक्टर से इस बात को पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। अगर ऐसी शिकायत है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जो लोग इस पर दोषी पाए जाएंगे। उन लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस घटना के बाद मरीज के परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। वही हंगामा की खबर पाकर मौके पर अस्पताल प्रशासन हरकत में आयी और फिर मरीजों को किसी तरह कंट्रोल किया गया। इधर इस बाबत अस्पताल उपाधीक्षक डीडी चौधरी ने बताया कि सेफ्ट्रियक्सोन इंजेक्शन लगाने के बाद मरीजों की तबियत खराब हो गयी थी। जिसके बाद इस इंजेक्शन को लगाने पर रोक लगा दी गयी है। उन्होंने संभावना जताते हुए कहा कि लगता कि इंजेक्शन खराब आ गयी है जिसकी जांच कराई जा रही है।

### अवकाश के बावजूद डीएम ने सुनी लोगों की फरियाद, जमीन मामलों के निपटारे का निर्देश

**गया।** गुड फ्राइडे राजपत्रित अवकाश रहने के कारण शुक्रवार को जनता दरबार स्थगित रहने के बावजूद समाहरणालय में कई व्यक्तिय काफी दूरस्थ क्षेत्र से आने की सूचना पर जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने उन सभी व्यक्तियों को समाहर्ता के गोपनीय आवास उनकी समस्याओं को सुना। जनता दरबार में आये हुए लगभग 20 व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आवेदकों के कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, एसडीएम संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को जिलाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए। उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित सीओ तथा थानाध्यक्ष एवं एसडीएम तथा एसडीपीओ की अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए।




### पुलिसिया कार्रवाई : शहर में गुमटीनुमा दुकान से गांजा और नगदी के साथ तीन गिरफ्तार

**आरा।** शहर में नवादा थाना क्षेत्र में गुमटीनुमा दुकानों में गांजा बेचने का खेल चल रहा था। पुलिस द्वारा इस धंधे का खुलासा करते हुए मुख्य डाक घर सहित आसपास की तीन गुमटी नुमा दुकानों से गांजा और नगदी बरामद की गयी है। तीनों दुकानदारों को भी गिरफ्तार किया गया है। तीनों की गुमटी से 587 ग्राम गांजा और 12400 रुपए नगद भी बरामद किये गये हैं। पकड़े गए गदुकानदारों में बिहिया के बेलवनिया निवासी विक्की कुमार, नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ बाजारी मोहल्ला निवासी दशरथ प्रसाद और मौलाबाग निवासी राजेश कुमार शामिल हैं। पुलिस की ओर से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य डाकघर सहित आसपास के इलाकों में पान-गुटका आदि की गुमटीनुमा दुकानों में कुछ दिनों से गांजा बेचे जाने की सूचना मिल रही थी। उस आधार पर गुरुवार को गुमटीनुमा दुकानों की तलाशी ली गयी। उस दौरान डाकघर के समीप स्थित विक्की कुमार की गुमटी से 87 पुड़िया से (415 ग्राम), बिहारी मिल के पास दशरथ प्रसाद की गुमटी से 42 पुड़िया (122 ग्राम) और 10 हजार 700 रुपये जबकि मौलाबाग स्थित राजेश कुमार की गुमटी 19 (पुड़िया 50 ग्राम) गांजा बरामद किया गया। उसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उस मामले को लेकर तीनों के खिलाफ दारोगा चंदन भगत के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है।



### धूम-धाम से संपन्न हुआ चित्रगुप्त प्रकटोत्सव

**जहानाबाद।** स्थानीय ठाकुरबाड़ी स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में चित्रगुप्त जी महाराज का अवतरण-दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। ऐसी मान्यताएं हैं कि ब्रह्मा के काया से उत्पन्न हुए श्री चित्रगुप्त जी महाराज का अवतार चैत्र-पूर्णिमा के दिन हुआ था। इसी को लेकर पूरे देश भर में कायस्थ समाज के लोगों के द्वारा चैत्र-पूर्णिमा के दिन श्री चित्रगुप्त जी महाराज का अवतरण दिवस मनाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में जहानाबाद श्री चित्रगुप्त सेवा संघ के द्वारा चित्रगुप्त प्रकटोत्सव के अवसर भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज का पूजा-आराधना किया गया। पूजन हवन के उपरांत संध्या को सामूहिक महाआरती की गई। ढोलक और झाल से पूजा आराधना में शामिल महिलाओं के द्वारा पूरे जोश व उत्साह में भजन कीर्तन करते हुए देखकर वहां पर उपस्थित श्रद्धालुओं को खूब मन भाया। इस मौके पर अध्यक्ष शशिकांत, उपाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, महासचिव रमेश कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष रमेश प्रसाद, संयुक्त सचिव पवन कुमार सिन्हा, सचिव अंजनी सिन्हा एवं नुनु प्रसाद अधिवक्ता, रितेश सिन्हा, राकेश रौशन के द्वारा आभाकाम से आए हुए सुजीत कुमार वर्मा, राजीव रंजन प्रसाद सहित सभी अतिथियों को पौधा देकर देकर उनका स्वागत सम्मान किया गया। वहीं, युवा संभाग के द्वारा केक काटकर श्री चित्रगुप्त जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।



महात्मा गांधी

हमेशा अपने विचारों को शुद्ध करने का लक्ष्य रखें और सब कुछ ठीक हो जायेगा।



## खबरें फटाफट

### डुमरांव स्टेशन पर श्रमजीवी एक्सप्रेस पर पथराव, एक गिरफ्तार

**डुमरांव।** शुक्रवार को डुमरांव रेलवे स्टेशन पर अप श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थरबाजी करने वाले एक शरारती तत्व को रेल पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसकी पहचान सिमरी थाना क्षेत्र के छोटका राजपुर गांव निवासी शाहरूख आलम अंसारी के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को दोपहर जैसे ही अप लाइन में दिल्ली जा रही श्रमजीवी एक्सप्रेस डुमराव पहुंची कि प्लेटफार्म पर खड़ा एक युवक पत्थरबाजी करने लगा। जिससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। हालांकि स्टेशन की सुरक्षा में तैनात आरपीएफ जवान ने ततपरता दिखते हुए रोड़ेबाजी करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। आरपीएफ इंचार्ज दीपक कुमार ने बताया कि डुमरांव रेलवे स्टेशन पर श्रमजीवी एक्सप्रेस पर रोड़ेबाजी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है।

### विभिन्न मांगों को लेकर 10 अप्रैल को लोजपा देगी धरना

**केसठ।** प्रखंड मुख्यालय पर लोजपा (रामविलास) के द्वारा राज्य सरकार द्वारा बिजली बिल बढ़ौति और बिजली आपूर्ति के मनमानी तरीके से संचालन करने के खिलाफ 10 अप्रैल को धरना देगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए लोजपा रामविलास के जिला महासचिव ऋषि कांत दुबे उर्फ गोल्डी दुबे ने बताया की बिहार सरकार मनमानी बिजली बिल की अनदेखी कर रही है। आए दिन देखा जाता है कि बिजली बिल में गड़बड़ी होती जा रही है। सरकार बिहार के गरीब जनता को बिजली बिल बढौती के जरिए गरीब जनता को शोषित कर रही है इसके खिलाफ यह धरना राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के आह्वान पर दी जाएगी।

# ऑर्गेनिक खेती से ही पर्यावरण संरक्षण के साथ सुधरेगा लोगों का स्वास्थ्य: डीएओ

- पैलाडीह में दियरांचल प्रीमियम कच्ची घानी सरसों तेल मिल का हुआ उदघाटन
- अतिथियों ने कहा मिल की शुरुआत से किसानों की बढ़ेगी आमदनी

**केटी न्यूज/सिमरी**

आर्गेनिक खेती वर्तमान समय की जरूरत बन गई है। पर्यावरण संरक्षण के साथ ही लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी यह बहुत जरूरी है। उक्त बातें जिला कृषि पदाधिकारी (डीएओ) मनोज कुमार ने शुक्रवार को पड़री पंचायत के पैलाडीह में कही। मौका था दियारांचल एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी





लिमिटेड के बैनर तले दियरांचल प्रीमियम कच्ची घानी सरसो तेल मिल के उदघाटन का। उन्होंने कहा कि हमारा भोजन हमारे स्वास्थ्य को नियंत्रित करता है। भोजन में सरसों तेल का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने दियारांचल एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी तथा किसान आर्गेनिक सरसों उत्पादन के लिए प्रेरित होंगे।

वही बतौर विशिष्ट अतिथि डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज ने कहा कि दियरांचल प्रीमियम कच्ची घानी मिल द्वारा लोगों को आर्गेनिक सरसों तेल देने का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि दियारा क्षेत्र की मिट्टी पहले से ही उर्वर है। इधर के किसान काफी मेहनती होते है। उन्होंने किसानों को जैविक विधि से खेती करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि जैविक विधि से खेती कर किसान कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकते है। जबकि रिटायर्ड लेफिट्नेंट जनरल शशांक शेखर मिश्र ने अपने संबोधन में कंपनी के डायरेक्टर बिनोद तिवारी तथा सुरेन्द्र मिश्र की सरहाना करते हुए कहा कि इस मिल के शुरू होने से किसानों को अपना सरसों बेचने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। वही इससे रोजगार का सृजन भी होगा। जबकि कंपनी डायरेक्टर बिनोद तिवारी ने कहा कि उनका प्रयास लोगों को शुद्ध सरसों तेल देना है। इससे किसानों को लाभ भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को शुद्ध व आर्गेनिक सरसों तेल देने के लिए इसका उदघाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि अधिक से स्थानीय किसानों तथा एफपीओ के सदस्यों के उत्पाद ( सरसो ) को खरीदा जाएगा। इसके पहले एसडीओ कुमार पंकज, जिला कृषि पदाधिकारी, डायरेक्टर बिनोद तिवारी व रंजन मिश्र आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर तथा फिता काट इस मिला का उदघाटन किया। मौके पर पर्यावरण संरक्षण के उदेश्य से पौधरोपण भी किया गया।

मौके पर सैनिक संघ के जिलाध्यक्ष सुबेदार हरेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष सूबेदार विद्या सागर चौबे, जिला उपाध्यक्ष सूबेदार मेजर जे पी सिंह, सूबेदार मेजर आर बी सिंह, कैप्टन बी एन पाण्डेय, सूबेदार मेजर अलख नारायण श्रीवास्तव, सूबेदार राजबली सिंह यादव, सूबेदार ललन मिश्रा, सुरेन्द्र सिंह, संजय पाठक, कैप्टन श्रीनिवास, लेफ्टिनेंट आर बी ओझा के साथ ही भाजपा नेता सत्येन्द्र कुंवर, अनु तिवारी समेत सैकड़ो गणमान्य व किसान उपस्थित थे।

## कुल 70327 मतदाता पहली बार सीधे चुनेंगे चेयरमैन व वाइस चेयरमैन

# डुमरांव में मई के अंत या जून के शुरू में हो सकता है नप का चुनाव

- संभावित प्रत्याशियों ने तेज किया प्रचार अभियान
- अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद जारी हो सकती है अधिसूचना

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव में नगर परिषद चुनाव की सुगबुगाहट बढ़ गई है। प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही इस बात को बल मिल गया है कि अब निकट भविष्य में नगर परिषद का चुनाव होगा। जिस कारण संभावित प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। चिलचिलाती धूप व बदन को झुलसा देने वाली लू की परवाह छोड़ संभावित प्रत्याशी लोगों से मेल जोल बढ़ा उन्हें अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए तत्पर दिख रहे हैं। प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही एक तरफ संभावित प्रत्याशी इसकी समीक्षा कर रहे हैं। वही जनता को रिझाने का प्रयास भी शुरू कर दिए है। उनके द्वारा प्रारूप मतदाता सूची का गहन अध्ययन किया जा रहा है। ताकी यदि किसी करीबी का नाम इसमें छूट गया हो तो उसे समय रहते दर्ज करवाया जा सके। इसके अलावे अहले सुबह से देर रात तक वे लोगों के बीच समय गुजारना शुरू कर दिए है। उम्मीद जताई जा रही है कि मई के अंत या जून के शुरूआत में डुमरांव के साथ जिले में छूटे दो अन्य नगर पंचायतों में भी चुनाव होगा। इसी को संभावित मान प्रत्याशी तैयारी कर रहे हैं।

पूर्व पार्षद सोनू राय ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन प्रशासनिक तैयारियों का एक अंग है। उन्होंने कहा कि मई के अंत या जून के शुरुआत में चुनाव होने की संभावना है। वैसे अभी तक इसकी अधिसूचना जारी नहीं हुई है। वही प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद शीघ्र ही अधिसूचना जारी हो सकती है।

**विस्तारित क्षेत्र के लोगों में है विशेष उत्साहः** नगर परिषद चुनाव को लेकर विस्तारित क्षेत्र के लोगों में विशेष उत्साह है। उन्हें नगर परिषद में शामिल होने के बाद न सिर्फ पहली बार मतदान करने का मौका मिलने जा रहा है बल्कि वे सीधे अपना चेयरमैन व उप चेयरमैन चुनेंगे। पुराना भोजपुर के रमेश वर्मा, मदन शुक्ला, नया भोजपुर के राजू सिंह, इकबाल अंसारी आदि ने कहा कि पहली बार नगर परिषद चुनाव में उन्हें मतदान को मौका मिलेगा। जिस कारण वे लोग इस चुनाव का बेसब्री से इंतजार कर रहे है।

### इस बार वार्ड नंबर 21 सबसे बड़ा और 12 सबसे छोटा वार्ड

इस बार नगर परिषद का चुनाव कई मायनें में ऐतिहासिक होने जा रहा है। पहली बार आम जनता सीधे मुख्य पार्षद व उपमुख्य पार्षद का चुनाव करेगी। वही डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र का विस्तार भी किया गया है। पहले जहा कुल 26 वार्ड थे वहां अब 35 वार्ड बना दिए गए है। पहली बार नगर परिषद में शामिल पुराना भोजपुर, नया भोजपुर, नवाडेरा के कुछ हिस्से, बनकट, महरौरा आदि के ग्रामीण भी नगर निकाय के लिए मतदान करेंगे। अनुमंडल प्रशासन द्वारा जो प्रारूप मतदाता सूची बनाई गई है उसमें 37065 पुरूष, 33260 महिला, 02 थर्ड जेंडर सहित कुल 70327 मतदाता है। जो प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदाता सूची के अनुसार इस बार सबसे बड़ा वार्ड 21 है जिसमें कुल 2990 मतदाता है जबकि सबसे छोटा वार्ड 12 है जिनमें मात्र 743 मतदाता हैं।

## प्रीतम हत्याकांड

### मुख्य अभियुक्त रोहित मिश्र ने किया सरेंडर

**बलिया/बक्सर।** लाठी डंडे से पीटकर बक्सर जिले के डुमरांव के नेनुआ गांव निवासी युवक प्रीतम की हत्या करने के मामले में मुख्य अभियुक्त रोहित मिश्र ने सरेंडर कर दिया। पूछताछ में मुख्य अभियुक्त ने स्वीकार किया कि प्रेम में बाधा डालने के कारण प्रीतम पाठक व नीशू पाठक को मारा पीटा गया था। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि प्रीतम पाठक की जहां मौत हो गई है, वहीं नीशू का इलाज अभी भी वाराणसी में चल रहा है।

बीते रविवार की देरशाम देवकली गांव के वन विहार मोड़ के पास बाइक से बक्सर जा रहे प्रीतम पाठक व नीशू पाठक को बदमाशों ने मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया था। प्रीतम पाठक की जहां मौके पर ही मौत हो गई थीए वहीं नीशू पाठक को बीएचयू के लिए रेफर कर दिया गया था। मामले में सुखपुरा थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद शिद्दत से आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। फलस्वरूप बीते मंगलवार को पुलिस ने दौरान विवेचना अनिश सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी परिखरा व अनुज राय पुत्र अरविन्द राय उर्फ गुड्डू निवासी नारायणपुर को अभियुक्त अनिश के घर ग्राम परिखरा से गिरफ्तार कर लिया था। जबकि मुख्य अभियुक्त फरार चल रहा था, लेकिन अभियुक्त रोहित मिश्र भी शुक्रवार को सुखपुरा थाने में आत्मसमर्पण कर दिया।

## एक नजर

### राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण है युवाओं की भूमिका



**बक्सर।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध एमवी कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा डा. छाया चौबे और डॉ. योगर्षि राजपूत के संयोजन में महाविद्यालय परिसर स्थित मानस भवन में व्याख्यान व संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विषय रहा राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका। जिसमें सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल शशांक शेखर मिश्रा मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक, सह प्रॉक्टर डॉ. रवि प्रभात ने किया और अन्य विशिष्ट अतिथि में जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य डा. शशांक शेखर मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल्यचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर आगत अतिथियों द्वारा किया गया। जिसके पश्चात अतिथियों के स्वागत व सम्मान किया। ले. जनरल शशांक मिश्रा ने राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि आज के समय मे घटित घटनाएं समाज की धारा को बदल देती है। अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए ही हम समाज के एक बेहतर नागरिक बन सकते हैं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की संरचनात्मक भूमिका पर बल दिया। राष्ट्र का स्वरूप निर्माण तथा आज की राजनीति में राष्ट्र व नागरिक की भूमिका के लोकतांत्रिक बिंदुओं पर सिलसिलेवार क्रम में विभिन्न उदाहरणों द्वारा अपने विचारों को गहनतम में प्रस्तुत किया। इस आयोजन में डॉ. योगर्षि राजपूत, डॉ. श्वेतप्रकाश, डॉ. अवधेश कुमार, डॉ. रवि प्रभात, डॉ. भरत चौबे, सुनील तथा डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहें। एस यू ओ राहुल राज, एनसीसी कैडेट्स, हिंदी व राजनीति विज्ञान के छात्र छात्रायें मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन लेफ्टिनेंट योगर्षि राजपूत ने किया।

### गोद भराई कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य के लिए दी गई पोषण की पोटली



**डुमरांव।** मातृ-शिशु मृत्युदर में कमी लाने के उद्देश्य व गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने के लिए प्रखंड में गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित किए गए। प्रखंड के नुआंव पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 47 पर सेविका लीलावती देवी की नेतृत्व में गोद भराई कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की देखभाल को लेकर कई जानकारियां भी दी गई। गोद भराई का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दिनों में बेहतर पोषण की जरूरत के बारे में गर्भवती महिलाओं को अवगत कराना है। माता एवं गर्भस्थ शिशु के बेहतर स्वास्थ्य एवं प्रसव के दौरान होने वाली संभावित जटिलताओं में कमी लाने के लिए गर्भवती के साथ परिवार के लोगों को भी अच्छे पोषण पर ध्यान देना चाहिए। बेहतर पोषण एक स्वस्थ बच्चे के जन्म में सहायक होने के साथ गर्भवती महिलाओं में मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी भी लाता है। गोद भराई विनिता कुमारी, पति अनिल कुमार सिंह का हुआ. मौके पर बच्चों में आरूही, सुरभी, रागनी, आरव, आयुष, अरविन्द, रोशनी,, रिया, मधु, समिर आदि मौजूद रहे।

### 15 से शुरू हो रहा जातीय जनगणना का दूसरा फेज, प्रगणकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**राजपुर।** जातीय जनगणना का दूसरा फेज 15 अप्रैल से शुरू हो रहा है। इसे सफल बनाने के लिए प्रखंड प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस कड़ी में जातीय जनगणना से जुड़े प्रगणकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में इन्हें दूसरे फेज में किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। ताकी जनगणना कार्य के दौरान उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रशिक्षक सिकंदर सिंह एवं श्यामनारायण ठाकुर ने बताया कि जो प्रपत्र में रिपोर्ट दर्ज करना है, उसे सरकार के ऐप में भी दर्ज करना है। जिसके लिए जातियों के लिए अलग-अलग कोड भी बनाया गया है। इस कोड को लेकर लोगों के बीच सोशल मीडिया के माध्यम से कई तरह की अफवाह फैलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा निर्गत किया गया कोड आंकड़े को सुरक्षित करने के लिए है। अगर कोई व्यक्ति दो स्थान पर किसी एक व्यक्ति के नाम लिखवाते है तो वह वह आंकड़ा रद्द हो जाएगा। ऐप से पता चल जाएगा कि उस व्यक्ति का नाम पहले से दर्ज है। दूसरा चरण जाति आधारित सर्वेक्षण प्रणाली मोबाइल एप एवं पोर्टल से होगा। प्रशिक्षण में शिक्षक संतोष कुमार सिंह, कृषि समन्वयक संजय सिंह, प्रियव्रत पांडेय, प्रदीप शर्मा, चंद्रशेखर राम, हरेंद्र सिंह, संतोष सिंह के अलावा दर्जनों अन्य प्रगणक शामिल है।

# कैफे संचालक से लूट का खुलासा गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

रविवार की रात सिमरी थाना क्षेत्र के सुंदरपुर मोड़ के पास हुए चाय कैफे संचालक भूपेन्द्र सिंह के साथ लूट पाट की घटना में शामिल दो लूटेरों के साथ ही पुलिस ने लूटी गई बाइक बरामद कर ली है। इसके अलावे पुलिस के हत्थे बाइक चोर गिरोह भी चढ़ा है। पुलिस के गिरोह के चार सदस्यों के साथ ही सिमरी, बगेन व नावानगर थाना क्षेत्रों से लूटी गई पांच बाइकों को भी जब्त कर लिया है। यह कामयाबी एएसपी राज के नेतृत्व में मिली है।

बता दें कि रविवार की रात जगदीशपुर से चाय कैफे को बंद कर अपने गांव सहियार लौट रहे भूपेन्द्र सिंह पिता रामबिहारी सिंह के साथ सुंदरपुर मोड़ के पास स्थित पुलिया पर तीन लूटेरों ने हथियार के बल पर लूट पाट किया था। इस क्रम में लूटेरों ने पहले बास से मार उसे बाइक से गिरा दिया था फिर सुपर स्पलेंडर बाइक, दस हजार नगद तथा मोबाईल फोन लूट लिए थे।

पुलिस ने इस घटना को चुनौती के रूप में लिया था तथा एएसपी के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साधनों के आधार पर लूट पाट को अंजाम देने वाले तीन लूटेरों में दो को गिरफ्तार करने के साथ लूटी गई बाइक भी बरामद की है। पुलिस सूत्रों की मानें तो इसमें मुख्य अभियुक्त गंगौली के अविनाश ठाकुर व नियाजीपुर दुल्लहपुर के सूरज राय को पकड़ा गया है। वही उनकी निशानदेही पर पूरा बाइक चोर गिरोह पुलिस के रडार पर आ गया है। पुलिस ने अबतक चार अपराधियों के साथ ही लूटी व चोरी की गई पांच बाइक बरामद कर लिया है। सूत्रों की मानें तो लूटेरों की निशानदेही पर छापेमारी जारी है। ऐसे में यह संख्या और भी बढ़ सकती है। एएसपी राज ने बताया कि छापेमारी की जा रही है।

### महादेवगंज गांव में ट्रैक्टर पलटने से बाल-बाल बचे लोग

**केसठ।** प्रखंड के कतिकनार पंचायत स्थित महादेव गंज गांव के वार्ड नंबर तीन में विगत छः माह पुर्व सात निश्चय के तहत नाली का निर्माण कराया गया था। जो अब तक अधूरा पड़ा हुआ है। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि नाली का निर्माण होने के बाद नाली के किनारे मिट्टी भराई का कार्य और स्लैब नहीं लगाया गया है। जिसके कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि शुक्रवार को ईंट एवं बालू से लदा हुआ एक ट्रैक्टर अचानक पलट गया। जिसमें लोग बाल-बाल बच गए। ग्रामीण गोलू सिंह ने बताया कि अधुरे कार्य को पुरा करने को लेकर जानकारी कई बार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ठिकेदार को दी गई। परंतु अब तक कार्य पूरा नहीं किया गया। यदि जल्द अधूरे कार्य को पूरा नहीं किया गया तो इसकी शिकायत अधिकारियों से की जाएगी।

# किसानों पर आफतः अगलगी में जल गई 50 बीघे में लगी गेंहू की खड़ी फसल

**केटी न्यूज/चौगाई**



रबी फसलों के बुआई के साथ ही शुरू हुई किसानों की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। शुक्रवार को दोपहर मुरार थाना क्षेत्र के कोन्ही और बंजरिया बाधार में अचानक हुई अगलगी में करीब दो दर्जन किसानों के 50 बीघे में लगी गेहूं की खड़ी फसल जल गई है। इस घटना के बाद पीड़ित किसान काफी मर्माहत है। एक झटके में ही उनके पूरे साल की मेहनत स्वाहा हो गई है।

खेतों में लगी आग को देखते हुए तत्काल किसानों ने स्थानीय पुलिस व प्रशासन के माध्यम से इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी। दोनों गांवों के युवा भी आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान फायर वाहन भी मौके पर आ गई। दोनों गांव के युवाओं तथा फायर वाहन के करीब घंटे भर के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बहरहाल आग पर काबू पाए जाने के बाद दोनों गांवों के किसानों ने राहत की सांस ली। आगलगी की इस घटना में कमलेश सिंह, दुखी यादव, महेन्द्र सिंह, हरेराम सिंह, रामायण सिंह, वीरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, बिराज सिंह, राजनाथ सिंह, मनोज कुमार सिंह, कमल सिंह, जनार्दन सिंह, नंदलाल सिंह, कमलेश सिंह, जगदीश राम, धनराज सिंह, पारस सिंह, अक्षय कुमार, रमेश सिंह, धर्मदेव सिंह, सुरेंद्र सिंह, उमेश कुमार सिन्हा, और शिवकुमार सिंह के खेतों में लगी गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। घटना की सूचना मिलते ही चौगाई के प्रभारी सीओ अजित कुमार व मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया।

## बक्सर पहुंचे भाजपा सांसद सह भोजपुरी गायक मनोज तिवारी ने बिहार के मुख्यमंत्री पर साधा निशाना

# विधानसभा चुनाव में नीतीश को सबक सिखाएगी जनता : मनोज तिवारी

- बिहार की जनता अब जात पात से ऊपर उठ विकास को देख रही है
- नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही केन्द्र में बन सकती है मजबूत व स्थायी सरकार

**केटी न्यूज/बक्सर**





बिहार की जनता अब नीतीश कुमार की असलियत जान चुकी है। वे दिल्ली जाने का सपना देख रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव तथा उसके बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता उन्हें सबक सिखाएगी। उक्त बातें भाजपा सांसद तथा दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी ने शुक्रवार को बक्सर में कही। वे यहां एक दुकान का उदघाटन करने आए थे। श्री तिवारी ने कहा कि बिहार की जनता अब जात पात से उपर उठ बिहार के विकास को देख रही है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही केन्द्र में मजबूत व स्थायी सरकार बन सकती है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार दिल्ली के लाल किले पर झंडा फहराने का सपना देख रहे है। लेकिन, उनको यह मालूम नहीं है कि बिहार की जनता अब उन्हें नकार चुकी है। नीतीश कुमार हर जगह यही राग अलाप रहे हैं कि कहीं कुछ हो रहा है तो भाजपा करा रही है। यह क्यों नहीं कह रहे है कि बिहार अब संभल नहीं रहा है। यहां उन्होंने कहा कि वे जल्द ही आईपीएल में भोजपुरी में कमेंट्री करेंगे। उन्होंने कहा कि आकांक्षा दुबे न्याय मिलेगा। इसके लिए हम लड़ेंगे। वहीं झारखंड के धनबाद से भाजपा विधायक राज सिन्हा ने सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि बिहार में जातिवाद, धर्मवाद के नाम पर दंगा करा कर नीतीश कुमार सत्ता पाने की चाह पाल रखे हैं। महागठबंधन बनने के बाद राज्य में लगातार अपराध बढ़ रहा है। कार्यक्रम में भाजपा प्रवक्ता संजय टाइगर, राजपुर विधायक विश्वनाथ राम, छोटे सिंह, प्रदीप दुबे, राणा प्रताप सिंह, मृत्यंजय सिंह समेत कई अन्य गणमान्य मौजूद थे।

# मंगल पांडेय की शहादत दिवस पर विशेष: सोए भारत को जगाय दियो रे मंगल मरदनवा...

**केटी न्यूज/बलिया**

- सार्जेंट मेजर ह्युसन की हत्या के लिए 8 अप्रैल, 1857 को दी गई थी प्रथम क्रांति की चिंगारी जलाने वाले मंगल पांडेय को फांसी



प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के क्रांतिदूत शहीद मंगल पांडेय का जन्म बलिया जनपद के नगवा गांव में 30 जनवरी सन 1831 को हुआ था। उनके पिता का नाम सुदिष्ट पांडेय एवं माता का नाम जानकी देवी था। उस समय भारतवासी अंग्रेजों के आतंक और क्रूरता से त्रस्त थे। देशभक्ति की भावना से प्रेरणा लेकर देश सेवा का जज्बा लिए वह सेना में भर्ती हो गए। वह बंगाल के बैरकपुर में 19 नंबर रेजिमेंट के पांचवी कंपनी के 1446 नंबर के सिपाही पद पर कार्यरत थे। वह अति भावुक कर्तव्यनिष्ठ एवं धर्मपरायण ब्राह्मण सिपाही थे। सेना में उनका कार्य सुंदर एवं सराहनीय था।

लेकिन सेना में अंग्रेजों के अधीन रहते हुए उन्होंने महसूस किया कि अंग्रेज सेनाधिकारी भारतीय सिपाहियों के देश प्रेम और स्वाभिमान को कुचल रहे हैं। वह मन ही मन अंग्रेजी सेना के प्रति अपने हृदय को जलाते रहते थे। इस बीच किसी ने कह दिया कि अब आप लोगों को गाय और सूअर की चर्बी से बनी कारतूस को मुंह से खोलना पड़ेगा। यह बात सेना के भारतीय सिपाहियों के बीच आग की तरह फैल गई सिपाहियों के मन में यह आशंका प्रबल हो गई कि अंग्रेज फूट डालो और राज करो की नीति पर चल रहे हैं। अंग्रेज हिंदुओं और मुसलमानों के धर्म को नष्ट करना चाहते हैं। फिर क्या था, मंगल पांडेय का ब्राह्मणत्व जाग उठा। उन्होंने अन्य भारतीय सिपाहियों के साथ अंग्रेज अफसरों को संदेश दिया कि हम भारतीय गाय और सुअर से बनी चर्बी का प्रयोग कदापि नहीं करेंगे। फिर जान बूझकर अंग्रेजी अफसरों ने गाय और सुअर की चर्बी वाले कारतूस का ही प्रयोग करने के लिए 19वीं रेजिमेंट के सिपाहियों को दी। लेकिन सिपाहियों ने इस कारतूस का प्रयोग करने से मना कर दिया। फलस्वरूप अंग्रेज अधिकारियों ने दमन चक्र चलाकर सभी के अस्त्र-शस्त्र छीन लिए।

इतिहास की अमर तारीख 29 मार्च के दिन बैरकपुर के सिपाहियों को खबर मिली कि उन पर दमन चक्र चलाकर गिरफ्तार किया जाएगा। यह खबर सुनकर मंगल पांडेय चुप न बैठ सके। उन्होंने अकेले युद्ध का बिगुल बजाकर अंग्रेजों के विरुद्ध भारतीय सिपाहियों को ललकारा। लेकिन अन्य भारतीय सैनिक मूर्तिवत खड़े रहे। मंगल पांडेय खूंखार शेर की तरह बैरकपुर के परेड ग्राउंड में दहाड़ता रहा। इसी समय अंग्रेज सार्जेंट मेजर ह्युसण ने सिपाहियों को आदेश दिया कि पांडेय को गिरफ्तार करो। यह सुनते ही मंगल पांडेय का बलियाटी खून खौल उठा। उनकी बंदूक सार्जेंट मेजर ह्युसन पर गरजी और वह वहीं पर ढेर हो गया। उसी समय घोड़े पर सवार होकर तैश में लेफ्टिनेंट बाग आया। बाग पर भी मंगल पांडे की बंदूक गरजी। वह भी वहीं पर लुढ़क गया। पुनः एक गोरा अंग्रेज अफसर आया। मंगल पांडे पर पिस्तौल निकाल गोली चलाया। पर निशाना चूक गया। मंगल पांडे ने तलवार निकाला। एक ही वार में उसका भी काम तमाम हो गया। इस बीच अंग्रेज अफसर कर्नल व्हीलर गोरे सैनिकों के साथ मंगल पांडे को गिरफ्तार करना चाहा। भारतीय सैनिकों द्वारा खुलकर बगावत नहीं होने और अपने गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने खुद को गोली मार ली। लेकिन मंगल पांडे की मौत नहीं हुई।

घायलावस्था में उनका अस्पताल में इलाज हुआ। फिर वह स्वस्थ हो गए। फौजी अदालत में मुकदमा चला। अदालत के द्वारा उन्हें फांसी की सजा मुकर्रर हुई। 08 अप्रैल 1857 को फांसी का दिन निश्चित हुआ। बैरकपुर के जल्लादों ने किसी ब्राह्मण को फांसी देने से इंकार कर दिया। अंततः चुपके-चुपके कोलकाता से जल्लाद बुलाए गए। वे नहीं जानते थे कि उन्हें किसे और क्यों फांसी देनी है। भारतीयों के आक्रोश और विरोध से बचने के लिए आज ही 08 अप्रैल 1857 को सुबह 5:30 बजे ही उन्हें फांसी पर लटका दिया गया। अंग्रेजों के विरुद्ध भारतीय इतिहास में प्रथम क्रांति का प्रथम चिंगारी जलाने वाला युवा मंगल पांडेय ने हंसते-हंसते मृत्यु को गले लगा लिया और शहीद हो गए। लेकिन उनकी वीरता कई दिनों तक अंग्रेजों को सताती रही। मंगल पांडेय का बलिदान भारतीयों को जगा दिया। सामाजिक चिंतक एवं गीतकार बब्बन विद्यार्थी ने अपनी लेखनी में ठीक ही लिखा है कि सोए भारत को जगाय दियो रे, मंगल मरदनवा...। निःसंदेह शहीद मंगल पांडेय का बलिदान भारतीय इतिहास एवं जनमानस में प्रथम पंक्ति में सुरक्षित है।

---

### दुष्कर्म पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए आप ने किया जोरदार प्रदर्शन, लगाया आरोप

# विधायक केतकी सिंह के दबाव में पीड़िता की मां से अंगूठा लगवाकर बदली गई प्राथमिकी

**केटी न्यूज/बलिया**




- बांसडीह विधायक पर आरोपियों को बचाने का आरोप
- मामले में सीबीसीआईडी से जांच कराने की मांग

मनियर थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिसिया कार्रवाई के खिलाफ आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि बांसडीह भाजपा विधायक केतकी सिंह के दबाव में पुलिस द्वारा पीड़िता की मां का तहरीर बदलवा दिया गया है और अंगूठा लगाकर पूरे मामले की दिशा ही बदल दिया गया है। इस दौरान सौंपे गए ज्ञापन में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने मामले में सीबीसीआईडी से जांच कराने की मांग की।

पार्टी के जिलाध्यक्ष सुशांत राज ने बताया कि मनियर में एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार होता है और वहां की पुलिस आईपीसी एक्ट 376 व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने के बजाय पीड़िता की मां से अंगूठा लगवाकर दूसरा मुकदमा दर्ज करके मामले की दिशा ही बदल दी गई है। कहा कि भाजपा सरकार में बहन, बेटियां कितनी सुरक्षित है यह घटना उसका ज्वलंत प्रमाण है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीड़िता का घर बांसडीह की विधायक जी के घर से 10 से 12 किलोमीटर ही दूर है पर घटना को बीते इतना दिन हो गया, लेकिन अभी तक वहां पीड़िता का हालचाल लेने तक नहीं पहुंची। यही नहीं बांसडीह के पूर्व विधायक भी अभी तक उस पीड़िता के पास नहीं पहुंचे।

आप नेताओं ने कहा कि सपा और भाजपा दोनों दलों के नेता इस केस को दबाने में लगे हुए हैं। पीड़िता की मेडिकल जांच के दौरान पीड़िता को जिले के सभी अस्पतालों में लगभग घुमा दिया गया। जैसे कि सबसे पहले मनियर भेजा गया, वहां उसका मेडिकल नहीं हुआ फिर सिकंदरपुर भेजा गया। वहां भी नहीं हुआ फिर बांसडीह अस्पताल भेजा गया, वहां मेडिकल नहीं हुआ, फिर बलिया गई वहां भी नहीं हुआ। अंत में बिल्थरारोड में जाकर उस बच्ची का मेडिकल हुआ। प्रदेश सचिव उषा राय ने कहा कि आप खुद सोच सकते हैं कि इस केस में कितना दबाव है कि एक नाबालिग बच्ची पीड़िता का मेडिकल तक नहीं होने दिया गया। पीड़िता का परिवार चाहता है कि इस केस की जांच मनियर थाना क्षेत्र के प्रभारी से नहीं करवाया जाए। क्योंकि वह इस केस को खराब करने में लगे हुए हैं और पीड़िता के परिवार को मनियर पुलिस पर भरोसा नहीं है। इसलिए आम आदमी पार्टी मांग करती है कि मामले की जांच सीबीसीआईडी से कराई जाए। इस मौके पर राजकुमार मौर्य, जवाहर पासवान, अंजनी तिवारी, अमरीश चौबे, रणविजय, विजय शंकर राजभर, सर्वजीत यादव, नवतेज कुमार, राजकुमार पांडेय, राकेश यादव, छोटेलाल चौरसिया, सत्येंद्र नाथ वर्मा आदि मौजूद रहे रहे।

**घटना के संबंध में कोई जानकारी ही नहीं:** घटना के संबंध में भाजपा विधायक केतकी सिंह ने कहा कि मुझे घटना के संबंध में कोई जानकारी ही नहीं है, यदि इस तरह की घटना घटित हुई है तो निश्चित तौर पर कानून के तहत कार्रवाई होगी।

## ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला की मौत

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत करनई नई बस्ती के पास शुक्रवार को मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के पश्चात अंत्य परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

बताया जाता है कि भरखरा गांव निवासी दीपक शर्मा की पत्नी आशा शर्मा शांति हॉस्पिटल में जीएनएम का क्लास करने जा रही थी। अभी वो करनई नई बस्ती के पास पहुंची थी कि अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली ने आशा शर्मा को स्कूटी सहित चपेट में ले लिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना को देख आस-पास के लोग उधर दौड़ पड़े। लोगों ने मामले की जानकारी 112 पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल महिला को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने आशा को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरी ओर घटना के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## एक नजर

### पीडी ने मरदह विकास खंड में की आवंटित आवासों की समीक्षा, गौशाला का भी किया निरीक्षण



**गाजीपुर।** मरदह विकास खंड अधिकारी कार्यालय परिसर में पीडी राजेश कुमार यादव ने विकास खंड अंतर्गत आवास की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यो का विवरण लेते हुए आवास आवंटन में पात्रता की जांच एवं समय से आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी। पात्रता की जांच प्रत्येक दशा में ठीक प्रकार से की जाए। कहा कि किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर संबन्धित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कार्यो में शिथिलता मिलने पर सचिव अरविंद कुमार, नवीन सिंह, योगेश कुमार को शोकाज नोटिस दी। पुनः शिथिलता मिलने पर सख्त कार्रवाई की हिदायत दी। बैठक में खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार वर्मा सहित ब्लाक के सचिव उपस्थित रहे। पीडी ने सिंगेरा, कबीरपुर, बरेंदा गांव स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। यहां की व्यवस्था संतोषजनक मिली। इस दौरान उन्होंने सिंगेरा में एक अतिरिक्त गोवंश शेड एवं एक कम्पोस्ट पिट बनवाने के लिए खंड विकास अधिकारी मरदह को निर्देशित किया। गोवंश के देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न करने की हिदायत दी।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एसएनएच में हुआ स्वास्थ्य विमर्श एवं जनजागरुकता कार्यक्रम




**मऊ।** उच्चतम आधुनिक सुविधाओं के माध्यम से आमजन सहित गरीब लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना हमारा लक्ष्य है। आयुष्मान कार्ड सहित सरकारी योजनाओं के माध्यम से शारदा नारायण में निःशुल्क उपचार की सुविधा इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की टैग लाइन ह्यहेल्थ फॉर आलह्व को पूर्णता प्रदान करती है। कैथ लैब, टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर, सर्वोत्तम ब्लड बैंक, आईसीयू, एनआईसीयू, आकस्मिक चिकित्सा के साथ सर्वजन की सर्वोत्तम चिकित्सा के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाता है। यह उद्गार डॉ संजय सिंह के हैं। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शारदा नारायण वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित स्वास्थ्य विमर्श एवं जागरुकता कार्यक्रम में वह बोल रहे थे। कार्यक्रम में डॉ. सिंह ने मरीजों से संवाद करते हुए मौसमी बदलाव से होने वाले रोग एवं उससे बचने के उपाय पर विस्तार से प्रकाश डाला। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल कुमार ने हड्डियों एवं जोड़ रोग के कारण एवं उसके निदान पर जानकारी प्रदान किया। डॉ. जान्हवी सोमवंशी ने स्त्री एवं प्रसुति रोग पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में हेल्थ फॉर आल की अवधारणा पर वर्ष भर कार्यक्रम कर लोगों को जागरुक करने पर बल दिया गया।

### फर्जी एसपी बनकर ग्राम प्रधानों से राम मंदिर निर्माण के लिए मांगे 5100 रुपए



**गाजीपुर।** जनपद में फ्रॉड करने का नया मामला प्रकाश में आया है। जिसमें साइबर अपराधियों ने एसपी का नाम इस्तेमाल का लोगों को चूना लगा डाला। जिसमें एसपी गाजीपुर ओमवीर सिंह बनकर मंदिर के लिए चंदा के नाम पर पैसे वसूलने के लिए फोन किए जा रहे हैं। इस संबंध में एक ऑडियो भी सामने आया है। जिसके बाद जनपद पुलिस के कान खड़े हो गए। पुलिस अधीक्षक ने इस ऑडियो से सतर्क रहने की अपील की है। कहा कि ऐसी कॉल आने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। वायरल हो रहे ऑडियो में कोई शख्स खुद को गाजीपुर एसपी ओमवीर सिंह बताते हुए राम मंदिर निर्माण के लिए ग्राम प्रधानों से 5100-5100 रुपए चंदे के रूप में मांग रहा है। साथ ही वह शख्स यह भी बता रहा है कि इसके लिए डीएम द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। ऑडियो वायरल होते ही पुलिस महकमा मामले की जांच में जुट गया है। कॉल करने वाले गांव के प्रधानों को कॉल कर कहा कि हेलो... प्रधान जी से बात हो रही है.... एसपी बात कर रहा हूं गाजीपुर से ओमवीर सिंह.... और सब घर परिवार में बढ़िया... आपको पता है कि राम मंदिर में काम चल रहा है... तो सभी ग्राम प्रधानों को 5100-5100 रुपये देने का आदेश आया है। डीएम साहब की तरफ से हमें... तो यह आपको सूचित किया जा रहा है... आपको अकाउंट डिटेल यहां से भिजवा दे रहे हैं हम राम मंदिर का... आपको अपने गांव की तरफ से 5100 आज करवा देना है... अपने गांव के लोगों से अपील भी करनी है। हालांकि साइबर अपराधियों के इस साहसिक कदम से लोग खौफजदा हो गए हैं। लोगों का कहना है कि साइबर अपराधी जब पुलिस महकमे का इस्तेमाल कर रहे हैं तो ऐसे में आम जनता कैसे सुरक्षित रह सकती है।

## निकाय चुनाव में सपा प्रत्याशियों के चयन के लिए मंथन शुरू

**केटी न्यूज/गाजीपुर/लखनऊ**

- सपा मुखिया ने जिलों के प्रभारी विधायकों से मांगी रिपोर्ट

नगर निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी ने नगर निकाय चुनाव के लिए बनाए गए विधायक प्रभारियों से रिपोर्ट तलब की गई है। देखा जाए तो समाजवादी पार्टी में प्रत्येक नगर निगमों, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में भावी उम्मीदवारों की संख्या काफी है। ऐसे में प्रभारियों को चुनिंदा उम्मीदवारों के बारे में ही रिपोर्ट देनी है, जो सीट पर जीत दिला सके। सपा में पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवारों ने एड़ी चोटी का जोर लगा रखा है।हालांकि अभी वह प्रो की स्थिति बनी हुई है। पार्टी हाईकमान द्वारा उम्मीदवारों को हरी झंडी मिलने का समय भी नजदीक आ गया है।

समाजवादी पार्टी के मुखिया के निर्देश पर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में स्थानीय नगर कमेटी के साथ बैठक कर उम्मीदवारों का पैनल तैयार किया जाए। सपा ने नगर निगमों, पालिका परिषद और नगर पंचायत चुनाव को लेकर विधायकों को प्रभारी बनाया है। प्रभारी विधायकों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने प्रभार वाले जिलों में जाकर स्थानीय नगर कमेटी के साथ बैठक कर रिपोर्ट और अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों की सूची तैयार करें। संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं और आरक्षण सूची के हिसाब से उम्मीदवारों का पैनल तैयार करने को कहा गया है। रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रदेश कार्यालय भेजनी है। हालांकि पार्टी हाईकमान से लेकर पार्टी के जिम्मेदार नेता टिकट फाइनल करने के लिए गहन मंथन कर रहे हैं।

## नगर पंचायत के पशु आश्रय का नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत वलीदपुर में शुक्रवार को जनपद के नोडल अधिकारी पशु आश्रय का निरीक्षण किया। जनपद के नोडल अधिकारी और प्रदेश के हथकरघा और साड़ी के सचिव शेषमणि पांडेय ने नगर पंचायत में बने अस्थाई पशु आश्रय का निरीक्षण किया जिसमें 23 पशु सही सलामत पाए गए। इसको देखकर नोडल अधिकारी ने पशु आश्रय के कर्मचारियों की सराहना की और उन्होंने कहा कि जिले में हर जगह से अच्छी व्यवस्था पशुओं के लिए यहां पर है। लगभग आधे घंटे के निरीक्षण के बाद नोडल अधिकारी कुछ बुनकरों से मिलकर उनकी समस्या के बारे में जाना और निस्तारण करने के लिए उन्होंने आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

## आग ने मचाया तांडव, 250 बीघे में गेहूं और सरसों की खड़ी फसल जलकर राख

**केटी न्यूज/बलिया**



जनपद के रेवती थाना क्षेत्र अंतर्गत झरकटहां, श्रीनगर, बघमरियां और वशिष्ठ नगर गांव में भूसा बनाने वाली मशीन की चिंगारी से लगी आग में शुक्रवार की दोपहर दर्जनों किसानों की लगभग ढाई सौ बीघा गेहूं और सरसों की फसल जलकर राख हो गई। बताया बताया जाता है कि झरकटहां में शुक्रवार की दोपहर बाद भूसा बनाने वाली मशीन से भूसा बनाया जा रहा था।

इस बीच अचानक उस मशीन से अचानक चिनगारियां निकलने लगी है। इन चिनगारियों से झरकटहां के खेतों की खड़ी गेहूं की फसलों में आग लग गई। पछुआ हवाओं से आग बढ़तेण्बढ़ते श्रीनगरए बघमरियां और वशिष्ठ नगर प्लाट के खेतों की खड़ी फसलों को जलाते हुए पूरे क्षेत्र में फैल गई।

**इन किसानों की फसल जलकर राख हुई :** झरकटहां के दिनेश्वर सिंह की 7 बीघाए रामायण यादव की 5 बीघा, बृजेश यादव की 1 बीघाए तारकेश्वर सिंह की 5 बीघा, दीनानाथ वर्मा की 5 बीघा, रणजीत यादव 10 कट्ठा सरसों, राजनारायण सिंह की 1 बीघा सहित श्रीनगर के राजेश यादव की 5 बीघा, योगेंद्र यादव की 1 बीघा, राम गहन यादव की 1 बीघा, सुरेंद्र यादव की 2 बीघा, शिव शंकर राय की 12 बीघा, पारस यादव की 2 बीघा, बासदेव यादव की 2 बीघा, भीष्म यादव की 2 बीघा, भिखारी यादव 2 बीघा, विनय सिंह की 3 बीघा, मधुसूदन यादव की 8 बीघा, मास्टर यादव की 3 बीघा, राजबली यादव की डेढ़ बीघा सहित किसानों के मुताबिक ढाई सौ बीघा खड़ी गेहूं की फसल सहित खेतों में काट कर थ्रेसिंग के लिए रखे गए गेहूं की फसल जल कर राख हो गई।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 634 मरीजों की हुई जांच

# स्वास्थ्य शिविर में लोगों को परामर्श के साथ मिली नि:शुल्क दवाएं

- राजापुर व सुहवल गांव में जनप्रतिनिधियों की देखरेख में हुआ इलाज

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद के राजापुर गांव और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवतीपुर के सुहवल गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर भारी संख्या में लोग पहुंचकर इसका लाभ उठाएं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद और रेवतीपुर के अधीक्षक डॉ. आशीष राय ने बताया कि शासन के निर्देश पर सुहवल और राजापुर ग्राम सभा में स्वास्थ्य शिविर जनप्रतिनिधियों की देखरेख में किया गया। इस शिविर में टीबी, कुष्ठ रोग, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, वायरल बुखार के साथ ही दाद, खाज, खुजली के कैंप लगाने के साथ ही साथ आयुष्मान कार्ड के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद के बीपीएम संजीव कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में कुल 284 लोगों का उपचार एवं परामर्श दिया गया। जिसमें सामान्य बुखार, सर्दी जुखाम, दर्द, कमजोरी, चर्म रोग, आंखों की समस्या, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण एवं परामर्श के साथ ही परिवार नियोजन पर सलाह बास्केट आप चॉइस, जन्म एवं मृत्यु दर पर जानकारी, स्तनपान, विशेष संचारी रोग नियंत्रण के साथ ही दस्तक अभियान के बारे में भी लोगों को बताया गया। शिविर में 86 लोगों का ब्लड जांच किया गया एवं लोगों को उचित परामर्श एवं दवा भी निःशुल्क वितरित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवतीपुर की बीपीएम बबीता सिंह ने बताया कि सुहवल शिवाला में टीबी, कुष्ठ रोग, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, वायरल बुखार, दाद खाज खुजली, आयुष्मान कार्ड को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। स्वास्थ्य शिविर में करीब 350 मरीजों ने इसका लाभ उठाया एवं निःशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। वर्तमान समय में स्वास्थ्य को लेकर जागरूक होना बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता से आप तमाम बीमारियों से बचाव कर सकते हैं और बीमारियों का शुरूआत में ही पता लगा सकते हैं। इससे इलाज कराने में आसानी होती है। लोगों को हेल्थ समस्याओं के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल 7 अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ डे मनाया जाता है। रेवतीपुर के स्वास्थ्य शिविर में डॉ अनिल कुमार सिंह, सरिता कुमारी, नेहा राय, अरविंद कुमार, हर्ष वर्धन राय मौजूद रहे । जबकि राजापुर के स्वास्थ्य शिविर में रीना, फुलकुमारी, हनुमंत, आशा सिंह, रंजना के साथ ही फार्मासिस्ट भजनलाल, उमेश चंद्र सिंह, चिकित्सक डॉ. प्रवीण प्रकाश, सीएचओ नेहा यादव, अर्चना राय, दीक्षा राजपूत, राजू व अन्य लोग मौजूद रहे।